Assistant Professor (College Edu. Deptt.) Exam-2025

परीक्षा दिनांक – 15/12/2025

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 48
Number of Pages in Booklet : 48
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

**CAP-25**

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

**933601**

प्रश्न–पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : 24**

**Paper – II**
**Sub : Botany-II**

**समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

**प्रश्न–पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं ।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।**
2. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है ।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।**
10. * **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
13. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. * **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।**

1. $C_3$ पादपों में अप्रकाशिक अभिक्रिया के दौरान, कार्बन डाइऑक्साइड का कार्बोहाइड्रेट में अपचयन होने के लिए उपयोग होता है
(1) तीन एटीपी और दो एनएडीपी का
(2) तीन एटीपी, दो एनएडीपी और एक एफएडी का
(3) दो एनएडीपीएच + दो $H^+$ का
(4) तीन एटीपी, दो एनएडीपीएच + दो $H^+$ का
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. प्लास्टोक्विनॉन से रीसके FeS-सेन्टर और साइटोक्रोम f के माध्यम से प्लास्टो सायनिन तक जाने वाले प्रत्येक इलेक्ट्रॉन जोड़े के लिए, कितने प्रोटॉन स्ट्रोमा से थायलेकोइड के ल्यूमेन में स्थानांतरित होते हैं ?
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. निम्नलिखित में से कौन सा कथन प्रकाशीय श्वसन के संबंध में सही है ?
(1) यह अंधकार में होता है ।
(2) यह ग्लूकोज़ बनाता है ।
(3) यह एक प्रकाश-निर्भर ऑक्सीकरण प्रक्रिया है ।
(4) यह प्रकाश-संश्लेषण की दक्षता बढ़ाता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. प्रकाश श्वसन में भाग लेने वाला मुख्य एंजाइम है
(1) ग्लाइऑक्सिलेट डिकार्बोक्सिलेज
(2) एटिपेज (ATPase)
(3) रुबिस्को (RuBisCO)
(4) पाइरुवेट डिहाइड्रोजिनेज कॉम्प्लेक्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. During Dark reaction in $C_3$ plants, carbon dioxide is reduced to carbohydrate using :
(1) Three ATP and two NADP
(2) Three ATP, Two NADP and one FAD
(3) Two NADPH + two $H^+$
(4) Three ATP, Two NADPH + two $H^+$
(5) Question not attempted

2. For each pair of electrons, passing from plastoquinone through the Rieske FeS-center and cytochrome f to plastocyanin, how many protons are translocated from the stroma into the lumen of the thylakoid ?
(1) One
(2) Two
(3) Three
(4) Four
(5) Question not attempted

3. Which of the following statement about photorespiration is correct ?
(1) It occurs in the dark.
(2) It produces glucose.
(3) It is a light-dependent oxidation process.
(4) It increases photosynthethic efficiency.
(5) Question not attempted

4. The main enzyme involved in photorespiration is :
(1) Glyoxylate decarboxylase
(2) ATPase
(3) RuBisCO
(4) Pyruvate dehydrogenase complex
(5) Question not attempted

5. G-प्रोटीन की क्रिया की विशिष्टता प्रदान की जाती है, इसकी :
(1) अल्फा उपइकाई द्वारा
(2) बीटा उपइकाई द्वारा
(3) गामा उपइकाई द्वारा
(4) थीटा उपइकाई द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. गलत कथन का चयन करें :
(1) एडेनिल साइक्लेज़ cAMP का उत्पादन करता है, जो फॉस्फोकाइनेज A को सक्रिय करता है ।
(2) फॉस्फोलाइपेस C $IP_3$ का उत्पादन करता है, जो कैल्सियम चैनल को सक्रिय करता है ।
(3) गुआनिल साइक्लेज़ cGMP का उत्पादन करता है, जो फॉस्फोकाइनेज B को सक्रिय करता है ।
(4) फॉस्फोलाइपेस C डाइ एसिल ग्लिसरोल का उत्पादन करता है, जो फॉस्फोकाइनेज C को सक्रिय करता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. कॉलम-I तथा कॉलम-II को सुमेलित कर नीचे दिए हुए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करो :

| *कॉलम-I* | *कॉलम-II* |
| --- | --- |
| A. स्वपोषी-वायवीय | i. *रोडोस्पिरिलम* |
| B. स्वपोषी-अवायवीय | ii. *नोस्टोक* |
| C. विषमपोषी-वायवीय | iii. *एज़ोस्पिरिलम* |
| D. विषमपोषी-अवायवीय | iv. *क्लोस्ट्रीडियम* |

| | A | B | C | D |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (1) | ii | iv | i | iii |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | ii | iv | iii | i |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. The specificity of action of a G-protein is conferred by its :
(1) Alpha subunit
(2) Beta subunit
(3) Gamma subunit
(4) Theta subunit
(5) Question not attempted

6. Choose the INCORRECT statement :
(1) Adenyl cyclase produces cAMP which activates Phosphokinase A.
(2) Phospholipase C produces $IP_3$ which activates Calcium channels.
(3) Guanyl cyclase produces cGMP which activates Phosphokinase B.
(4) Phospholipase C produces Diacylglycerol which activates Phosphokinase C.
(5) Question not attempted

7. Match column I with column II and select the correct answer using the codes given below :

| *Column – I* | *Column – II* |
| --- | --- |
| A. Autotrophic-aerobic | i. Rhodospirillum |
| B. Autotrophic-anaerobic | ii. Nostoc |
| C. Heterotrophic-aerobic | iii. Azospirillum |
| D. Heterotrophic-anaerobic | iv. Clostridium |

| | A | B | C | D |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (1) | ii | iv | i | iii |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | ii | iv | iii | i |

(5) Question not attempted

8. नीचे दिए गए कूटों की सहायता से संतृप्त वसा अम्लों के बीटा ऑक्सीकरण के चार चरणों को क्रमवार व्यवस्थित कीजिए :

A. थायोलिसिस

B. जलयोजन

C. $FADH_2$ के निर्माण के साथ विहाइड्रोजनीकरण

D. $NADH + H^+$ के निर्माण के साथ विहाइड्रोजनीकरण

(1) B D A C (2) D B C A

(3) A C B D (4) C B D A

(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. पौधों में अमीनो अम्ल जैवसंश्लेषण के समय कीटो-अम्लों के लिए प्राथमिक अमीनो समूह का दाता है

(1) लाइसिन (2) ग्लाइसिन

(3) ग्लूटामिन (4) ल्यूसीन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. किस पादप में, एजोराइजोबियम तना-ग्रन्थियों का निर्माण करते हैं ?

(1) *सेसबानिया* (2) *गुनेरा*

(3) *एलनस* (4) *सिएनोथस*

(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. द्वि-घटक प्रणाली में, रिसेप्टर का फॉस्फोराइलेशन होता है

(1) टायरोसिन अवशिष्ट पर

(2) हिस्टिडीन अवशिष्ट पर

(3) सेरीन/थ्रेओनीन अवशिष्ट पर

(4) एस्पार्टेट अवशिष्ट पर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. Arrange the correct sequence of four steps of Beta oxidation of saturated fatty acids with the help of codes given below :

A. Thiolysis

B. Hydration

C. Dehydrogenation with the formation of $FADH_2$

D. Dehydrogenation with the formation of $NADH + H^+$

(1) B D A C (2) D B C A

(3) A C B D (4) C B D A

(5) Question not attempted

9. During amino acid biosynthesis in plants, the primary amino group donor to keto acids is :

(1) Lysine

(2) Glycine

(3) Glutamine

(4) Leucine

(5) Question not attempted

10. In which plant, Azorhizobium forms stem nodules ?

(1) *Sesbania* (2) *Gunnera*

(3) *Alnus* (4) *Ceanothus*

(5) Question not attempted

11. In the two-component system, the receptor is phosphorylated at :

(1) Tyrosine residue

(2) Histidine residue

(3) Serine/threonine residue

(4) Aspartate residue

(5) Question not attempted

12. चक्रीय AMP (cAMP) संकेतन मार्ग में CREB के सक्रियण का कारण है

(1) cAMP का CREB से बंधन

(2) प्रोटीन काइनेज A(PKA) द्वारा CREB का फॉस्फोराइलेशन

(3) फॉस्फोडाइस्टरेज़ द्वारा cAMP का जल-अपघटन

(4) CREB का प्लाज्मा झिल्ली से बंधन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. ओमेगा-3 फैटी अम्ल (FA) में ओमेगा-3 द्वारा क्या दर्शाया गया है ?

(1) FA कार्बन शृंखला में मिथाइल छोर से गिनते हुए पहले द्विबंध की स्थिति है ।

(2) FA कार्बन शृंखला में कार्बोक्सिल छोर से गिनते हुए पहले द्विबंध की स्थिति है ।

(3) FA शृंखला में असंतृप्त बंधों की संख्या

(4) FA शृंखला में दोहरे बंधों का cis-विन्यास

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. पौधों में, वसीय अम्ल संश्लेषण का मुख्य स्थल निम्नलिखित में से कौन सा कोशिकांग होता है ?

(1) प्लास्टिड

(2) माइटोकॉन्ड्रिया

(3) पेरोक्सिसोम

(4) ग्लाइऑक्सिसोम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. The activation of CREB in the cyclic AMP (cAMP) signaling pathway is caused by :

(1) Binding of cAMP to CREB

(2) Phosphorylation of CREB by Protein Kinase A (PKA)

(3) Hydrolysis of cAMP by phosphodiesterase

(4) Binding of CREB to the plasma membrane

(5) Question not attempted

13. What is depicted by omega-3 in omega-3 Fatty Acids (FA) ?

(1) The position of the first double bond in the FA carbon chain, counted from the methyl end of the chain.

(2) The position of the first double bond in the FA carbon chain, counted from the carboxyl end of the chain

(3) Number of unsaturated bonds in the FA chain.

(4) Cis-configuration of the double bonds in FA Chain.

(5) Question not attempted

14. In plants, which of the following cell organelle is the major site of fatty acid synthesis ?

(1) Plastids

(2) Mitochondria

(3) Peroxisome

(4) Glyoxisome

(5) Question not attempted

**15.** ऐण्टनर-ड्यूडोरोफ पथ, जो कि ग्लूकोज़ ऑक्सीकरण का विकल्पी पथ है, होता है

(1) सभी पादपों में
(2) कुछ जीवाणुओं में
(3) मांसलोद्भिद् पादपों में
(4) सभी प्रोकैरियोट में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**16.** कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *कॉलम-I (यौगिक)* | | *कॉलम-II (क्रिया)* |
|---|---|---|
| A. 2, 4-डाइनाइट्रो-फिनोल | i. | साइटोक्रोम b और साइटोक्रोम $c_1$ के बीच इलेक्ट्रॉन प्रवाह को रोकता है । |
| B. ओलिगोमाइसिन | ii. | ATP सिंथेज़ को रोककर ऑक्सीकारी फॉस्फोरिलीकरण को अवरुद्ध करता है । |
| C. एंटीमाइसिन A | iii. | साइटोक्रोम ऑक्सीडेज़ कॉम्प्लेक्स और ऑक्सीजन के बीच इलेक्ट्रॉन प्रवाह को रोकता है । |
| D. एज़ाइड | iv. | ऑक्सीकारी फॉस्फोरीलीकरण का अनयुग्मक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | ii | i | iii |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | iii | i | ii | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**15.** Entner-Doudoroff pathway, an alternative of glucose oxidation pathway is present in :

(1) All plants
(2) Some Bacteria
(3) Succulent plants
(4) All prokaryotes
(5) Question not attempted

**16.** Match Column I with Column II and choose correct answer using code given below :

| *Column – I* (Compound) | | *Column – II* (Mode of Action) |
|---|---|---|
| A. 2,4-Dinitrophenol | i. | Blocks electron flow between cytochrome b and cytochrome $C_1$. |
| B. Oligomycin | ii. | Inhibits oxidative phosphorylation by blocking ATP synthase. |
| C. Antimycin A | iii. | Blocks electron flow between cytochrome oxidase complex and oxygen. |
| D. Azide | iv. | Uncoupler of oxidative phosphory lation. |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | ii | i | iii |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | iii | i | ii | iv |

(5) Question not attempted

17. पौधों में साइनाइड प्रतिरोधी श्वसन होता है
(1) साइटोक्रोम ऑक्सीडेज की मध्यस्थता से
(2) ऑल्टरनेट ऑक्सीडेज की मध्यस्थता से
(3) NADH डिहाइड्रोजिनेज की मध्यस्थता से
(4) प्लास्टोसायनिन की मध्यस्थता से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. इलेक्ट्रॉन ट्रांसपोर्ट शृंखला का निम्नलिखित में से कौन सा कॉम्प्लेक्स साइट्रिक अम्ल चक्र का एक एंजाइम है ?
(1) कॉम्प्लेक्स I
(2) कॉम्प्लेक्स II
(3) कॉम्प्लेक्स III
(4) कॉम्प्लेक्स IV
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. हेक्सोज़ और पेंटोज़ का अंतर्रूपांतरण निम्नलिखित में से किस पथ से होता है ?
(1) $C_2$ चक्र
(2) फॉस्फोग्लूकोनेट पथ
(3) ग्लूकोनियोजेनेसिस
(4) ओमेगा ऑक्सीकरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. पेंटोस फॉस्फेट पथ के लिए विशिष्ट दो एंजाइम, लिप्त होते हैं :
(1) ग्लूकोनियोजेनेसिस में भी
(2) केल्विन चक्र के स्थिरीकरण चरण में भी
(3) केल्विन चक्र के पुनर्जनन चरण में भी
(4) केल्विन चक्र के अपचयन चरण में भी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. निम्नलिखित में कौन सा यीस्ट में किण्वन प्रक्रिया का उत्पाद नहीं है ?
(1) इथेनॉल
(2) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)
(3) लेक्टिक अम्ल
(4) $NAD^+$
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. Cyanide-resistant respiration in plants is mediated by :
(1) Cytochrome oxidase
(2) Alternate oxidase
(3) NADH dehydrogenase
(4) Plastocyanin
(5) Question not attempted

18. Which of the following Complex of the Electron Transport chain is an enzyme of the Citric Acid cycle ?
(1) Complex I
(2) Complex II
(3) Complex III
(4) Complex IV
(5) Question not attempted

19. Interconversion of Hexoses and Pentoses occur by which of the following pathways ?
(1) $C_2$ cycle
(2) Phosphogluconate pathway
(3) Gluconeogenesis
(4) Omega oxidation
(5) Question not attempted

20. The two enzymes, unique to the pentose phosphate pathway are also involved in :
(1) Gluconeogenesis
(2) Fixation phase of Calvin cycle
(3) Regeneration phase Calvin cycle
(4) Reduction phase of Calvin cycle
(5) Question not attempted

21. Which of the following is not a product of fermentation in yeast ?
(1) Ethanol
(2) $CO_2$
(3) Lactic acid
(4) $NAD^+$
(5) Question not attempted

**22.** पेन्टोस फॉस्फेट पथ के एक चक्र के दौरान क्रियाधार स्तर पर कितने ATP का संश्लेषण होता है ?

(1) शून्य (2) दो

(3) चार (4) छः

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**23.** निम्नलिखित में कौन सा चरण क्रेब चक्र के दौरान नहीं होता है ?

(1) $CO_2$ का मुक्त होना

(2) $NAD^+$ का अपचयन

(3) ऑक्सीजन का उपयोग

(4) GTP निर्माण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**24.** बसंतीकृत पौधों में पुष्पन को बढ़ावा देने के लिए कौन से जीन की अभिव्यक्ति बंद हो जाती है ?

(1) FT पुष्पीय स्थल–T

(2) SOC1

(3) FLC पुष्पीय स्थल–C

(4) LFY (LEAFY)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25.** सिट्रिक अम्ल चक्र में निम्नलिखित में से किस एन्जाइम द्वारा उत्प्रेरित अभिक्रिया में क्रियाधार स्तर पर फॉस्फोराइलेशन होता है ?

(1) एकोनिटेज

(2) मैलिक एंजाइम

(3) सक्सिनिल को–एन्जाइम A सिंथेटेज़

(4) फॉस्फो ग्लिसरेट काइनेज

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**22.** How many ATP are syntherized at substrate level during a cycle of Pentose Phosphate pathway ?

(1) Zero

(2) Two

(3) Four

(4) Six

(5) Question not attempted

**23.** Which of the following step does not occur during the Kreb cycle ?

(1) Release of $CO_2$

(2) Reduction of $NAD^+$

(3) Oxygen consumption

(4) GTP Production

(5) Question not attempted

**24.** In vernalized plants, which gene is switched off to promote flowering ?

(1) FT (FLOWERING LOCUS T)

(2) SOC1

(3) FLC (FLOWERING LOCUS C)

(4) LFY (LEAFY)

(5) Question not attempted

**25.** During citric acid cycle substrate level phosphorylation occurs during the reaction catalyzed by which of the following enzyme ?

(1) Aconitase

(2) Malic enzyme

(3) Succinyl Co-enzyme-A synthetase

(4) Phospho glycerate kinase

(5) Question not attempted

26. निम्नलिखित में से कौन सा सिंथेटिक साइटोकाइनिन नहीं है ?
(1) थायडॉयज़ॉन
(2) बेंजाइलएडेनिन
(3) एथोक्सी एथलैडेनिन
(4) मैलिक हाइड्राजाइड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. किसी पौधे में सर्कैडियन घड़ी की संलिप्तता के उदाहरणों का नीचे दिये गये कूटों की सहायता से चयन करें :
A. रात में *मिमोसा* के पत्तों का क्लांतिनत होना
B. वाटरलिली में फूल खिलना
C. CAM पथ
D. *एरेबिडोप्सिस* बीजपत्राधर का दीर्घीकरण
कूट :
(1) A, B, C व D (2) A व D
(3) B, C व D (4) B व D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. अनाज के दानों में प्रसुप्ति से अंकुरण तक पारगमन के दौरान सबसे प्रारंभिक जैव रासायनिक परिवर्तन है
(1) भ्रूणपोष में एब्सिसिक अम्ल के संश्लेषण में वृद्धि
(2) जिबरेलिन प्रभाव के तहत एल्युरोन परत में α-एमाइलेज संश्लेषण का सक्रियण
(3) स्कुटेलम में भंडारण लिपिड का क्षरण
(4) भ्रूण में न्यूक्लिक अम्लों का जल-अपघटन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. किस रसायन का उपयोग कर बीजों की जीवन क्षमता जाँची जाती है ?
(1) TIBA (2) एथेफॉन
(3) टेट्राजोलियम (4) एथिडियम ब्रोमाइड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. Which of the following is not a Synthetic cytokinin ?
(1) Thidiazon
(2) Benzyladenine
(3) Ethoxy ethladenine
(4) Maleic hydrazide
(5) Question not attempted

27. Select the examples of the involvement of the circadian clock in a plant by using codes given below :
A. Drooping of the *Mimosa* leaves at night
B. Flower opening in waterlily
C. The CAM pathway
D. The elongation of *Arabidopsis* hypocotyls
Codes :
(1) A, B, C & D
(2) A & D
(3) B, C & D
(4) B & D
(5) Question not attempted

28. During the transition from dormancy to germination, one of the earliest biochemical changes in cereal grains is :
(1) Increased synthesis of abscisic acid in the endosperm.
(2) Activation of α-amylase synthesis in the aleurone layer under gibberellin influence.
(3) Degradation of storage lipids in the scutellum.
(4) Hydrolysis of nucleic acids in the embryo.
(5) Question not attempted

29. Which chemical is used to test viability of seeds ?
(1) TIBA
(2) Ethephon
(3) Tetrazolium
(4) Ethidium bromide
(5) Question not attempted

**30.** दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :

कथन (A) : माइटोकॉन्ड्रिया एपोप्टोसिस की प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभाता है ।

कारण (R) : ऑक्सीडेटिव फॉस्फोराइलेशन के दौरान प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियाँ उत्पन्न होती हैं ।

(1) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) कथन (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।

(4) कथन (A) सही नहीं है, लेकिन (R) सही है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**31.** सर्केडियन जीव विज्ञान में "ज़ाइटगेबर" का अर्थ है

(1) लय निर्माण में शामिल कोई भी जीन

(2) लयबद्ध गति को विनियमित करने के लिए जिम्मेदार हार्मोन

(3) एक बाहरी संकेत जो जैविक घड़ी को सिंक्रोनाइज़ करता है ।

(4) घड़ी दोलक का एक चयापचय उत्पाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32.** निम्नलिखित में से कौन आइसोप्रीनॉइड जैव अणुओं का उदाहरण नहीं है ?

(1) एब्सिसिक अम्ल

(2) क्लोरोफिल की फाइटोल शृंखला

(3) पोरफाइरिन

(4) केरोटिनॉइड

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30.** Consider the given statements and select the correct answer using the codes given below.

*Assertion (A)* : Mitochondria plays key role in the process of apoptosis.

*Reason (R)* : Reactive oxygen species are generated during oxidative phosphorylation.

(1) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) Assertion (A) is correct, but (R) is not correct.

(4) Assertion (A) is not correct, but (R) is correct.

(5) Question not attempted

**31.** The "Zeitgeber" in circadian biology refers to :

(1) any gene involved in rhythm generation.

(2) the hormone responsible for regulating rhythmic movement.

(3) an external cue that synchronizes the biological clock.

(4) A metabolic product of the clock oscillator.

(5) Question not attempted

**32.** Which of the following is not an example of isoprenoid biomolecules ?

(1) Abscisic acid

(2) Phytol chain of chlorophyll

(3) Porphyrins

(4) Carotenoids

(5) Question not attempted

33. प्रांकुर चोल के शीर्ष पर एक ओर से प्रकाशित करने पर प्रकाशानुवर्तन वक्रता इसलिए होती है, क्योंकि

(1) ऑक्सिन छायांकित पक्ष पर जमा होता है, जिससे विभेदक दीर्घन को बढ़ावा मिलता है ।
(2) संपूर्ण प्रांकुर चोल में ऑक्सिन सांद्रता समान रूप से बढ़ती है ।
(3) ऑक्सिन प्रकाशित पक्ष पर अधिक जमा होता है जिससे कोशिका का विस्तार तेजी से होता है ।
(4) ऑक्सिन को प्रकाश-संवेदनशील एंजाइमों द्वारा छायांकित पक्ष पर नष्ट कर दिया जाता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए, सही युग्मों का चयन करें :

A. थायमिन द्वितय (dimer) → फोटोलायेस द्वारा प्रकाश पुनः सक्रियण
B. न्यूक्लिओटाइड उच्छेदी क्षतिसुधार → UvrABC एंडोन्यूक्लिऐस द्वारा
C. SOS क्षतिसुधार → RecA और LexA-विनियमित पॉलीमरेज़ द्वारा मध्यस्थता वाली त्रुटि-प्रवण क्षतिसुधार

कूट :
(1) A और B (2) B और C
(3) A और C (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. यदि वर्ग B जीनों में उत्परिवर्तन होता है, तो पुष्प अंग में किस प्रकार का लक्षणप्ररूप उत्पन्न होता है ?

(1) बाह्यदल, दल, पुंकेसर, स्त्रीकेसर
(2) बाह्यदल, बाह्यदल, स्त्रीकेसर, स्त्रीकेसर
(3) बाह्यदल, दल, दल, स्त्रीकेसर
(4) दल, पुंकेसर, पुंकेसर, स्त्रीकेसर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. The phototropic curvature of the tip of a coleoptile, when illuminated from one side, occurs because :

(1) auxin accumulates on the shaded side, promoting differential elongation.
(2) auxin concertration increases uniformly in the entire coleoptile.
(3) auxin accumulates more on the illuminated side causing faster cell elongation.
(4) auxin is destroyed on the shaded side by light-sensitive enzymes.
(5) Question not attempted

34. Select the correct pairs using codes given below :

A. Thymine dimers → Photoreactivation by photolyase
B. Nucleotide excision repair → By UvrABC endonuclease
C. SOS repair → Error-prone repair mediated by RecA and LexA-regulated polymerases

Codes :
(1) A and B
(2) B and C
(3) A and C
(4) A, B, and C
(5) Question not attempted

35. What type of floral organ phenotype is produced if Class B genes are mutated ?

(1) Sepals, Petals, Stamens, Carpels
(2) Sepals, Sepals, Carpels, Carpels
(3) Sepals, Petals, Petals, Carpels
(4) Petals, Stamens, Stamens, Carpels
(5) Question not attempted

**36.** गलत युग्म चुनें :

(1) *ट्रिटिकम एस्टिवम* – एलोहेक्साप्लोइड
(2) *गोसीपियम हिर्सुटम* – एलोहेक्साप्लोइड
(3) *रैफैनोब्रैसिका* – एलोटेट्राप्लोइड
(4) *ट्रिटिकम डाइकोकम* – एलोटेट्राप्लोइड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**37.** निम्नलिखित में से कौन सा रॉबर्टसनियन स्थानांतरण का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(1) दो एक्रोसेंट्रिक गुणसूत्रों का उनके सेंट्रोमियर पर संलयन
(2) अंतःस्थ खंडों से जुड़े दो गैर-समजात गुणसूत्रों के बीच आदान-प्रदान
(3) एक गुणसूत्र के बड़े अंतःस्थ खंड का विलोपन
(4) एक ही गुणसूत्र के भीतर एक खंड का द्विगुणन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**38.** *ई.कोलाई* में डीएनए क्षति सुधार प्रणाली के प्रकारों के संदर्भ में, डीएनए फोटोलाइएज़ का संबंध है

(1) बेमेल क्षति सुधार से
(2) क्षारक उच्छेदन क्षति सुधार से
(3) न्यूक्लियोटाइड उच्छेदन क्षति सुधार से
(4) प्रत्यक्ष क्षति सुधार से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**39.** न्यूक्लियोलस उस गुणसूत्र क्षेत्र के पास व्यवस्थित होता है जिसमें

(1) 5.8 S, 16 S और 28 S rRNA जीन होते हैं ।
(2) 18 S, 5.8 S, 28 S और 5 S rRNA जीन होते हैं ।
(3) 18 S, 5.8 S और 28 S rRNA जीन होते हैं ।
(4) 5 S, 16 S और 28 S rRNA जीन होते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**36.** Choose the INCORRECT pair :

(1) *Triticum aestivum* - Allohexaploid
(2) *Gossypium hirsutum* - Allohexaploid
(3) *Raphanobrassica* - Allotetraploid
(4) *Triticum dicoccum* - Allotetraploid
(5) Question not attempted

**37.** Which of the following best describes Robertsonian translocation ?

(1) Fusion of two acrocentric chromosomes at their centromeres.
(2) Exchange between two non-homologous chromosomes involving terminal segments
(3) Deletion of a large terminal fragment of one chromosome
(4) Duplication of a segment within the same chromosome.
(5) Question not attempted

**38.** In reference to types of DNA Repair systems in *E.coli*, DNA photolyases is associated with :

(1) Mismatch repair
(2) Base-excision repair
(3) Nucleotide-excision repair
(4) Direct repair
(5) Question not attempted

**39.** Nucleolus is organized around the chromosome region that contain the genes for :

(1) 5.8 S, 16 S and 28 S rRNA.
(2) 18 S, 5.8 S, 28 S and 5 S rRNAs.
(3) 18 S, 5.8 S and 28 S rRNAs.
(4) 5 S, 16 S and 28 S rRNA.
(5) Question not attempted

**40.** Z-DNA के संदर्भ में सही कथन का चयन कीजिए :

(1) इसमें अंतर-क्षार युग्मों के बीच की दूरी B-DNA से कम होती है ।

(2) यह एक वाटसन-क्रिक क्षार युग्मन वाली दक्षिणावर्त कुंडलिनी संरचना होती है ।

(3) हेलिक्स के प्रति प्रतिवर्त 11 अवशिष्ट होते हैं ।

(4) Z-DNA निर्माण, प्यूरीन पाइरीमिडीन अनुक्रमों (APP अनुक्रमों) के प्रत्यावर्तन में, अनुकूल होता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** बीजीय पादपों में, अर्द्धसूत्री विभाजन होता है

(1) युग्मनजीय अर्द्धसूत्री विभाजन

(2) युग्मकीय अर्द्धसूत्री विभाजन

(3) बीजाणुज अर्द्धसूत्री विभाजन

(4) भ्रूणीय अर्द्धसूत्री विभाजन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** कॉलम-I व कॉलम-II को सुमेलित कर नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करो :

| *कॉलम-I* *(अवस्था)* | *कॉलम-II* *(लक्षण)* |
|---|---|
| A. जायगोटीन | i. उपांती भवन |
| B. पेकाइटीन | ii. बुके अवस्था |
| C. डाइकाइनेसिस | iii. सिनेप्टोनीमल जटिल |
| D. लेप्टोटीन | iv. क्रॉसिंग ओवर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | ii | i | iii | iv |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | i | iii | iv | ii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43.** आर्जिनिन-स्मृद्ध हिस्टोन हैं :

(1) H1 (2) H5

(3) H2A और H2B (4) H3 और H4

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40.** Select the correct statement with reference to Z-DNA :

(1) The inter-base pair distance is smaller than that of B-DNA.

(2) It is a right-handed helical structure with Watson-Crick base paring.

(3) It has 11 residues per turn of the helix.

(4) Z-DNA formation is favoured in, alternating purine pyrimidine sequences (APP sequences).

(5) Question not attempted

**41.** In spermatophytes, meiosis is

(1) Zygotic meiosis

(2) Gametic meiosis

(3) Sporic meiosis

(4) Embryonic meiosis

(5) Question not attempted

**42.** Match column – I with coloum – II and choose the correct answer using the codes given below :

| *Column – I* (Stage) | *Column – II* (Characteristic) |
|---|---|
| A. Zygotene | i. Terminalization |
| B. Pachytene | ii. Bouquet stage |
| C. Diakinesis | iii. Synaptonemal complex |
| D. Leptotene | iv. Crossing over |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | ii | i | iii | iv |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | i | iii | iv | ii |

(5) Question not attempted

**43.** Arginine-rich histones are :

(1) H1

(2) H5

(3) H2A and H2B

(4) H3 and H4

(5) Question not attempted

**44.** किस प्रकार के प्रोटीन आमतौर पर सह-अनुवाद स्थानांतरण से गुजरते हैं ?

(1) कोशिकाविलयी प्रोटीन्स

(2) केन्द्रकीय प्रोटीन्स

(3) स्रावी और झिल्ली प्रोटीन्स

(4) माइटोकॉन्ड्रियल मैट्रिक्स प्रोटीन्स

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**45.** गॉल्जी कॉम्प्लेक्स में प्रोटीन परिवहन का सही क्रम है

(1) ट्रांस-सिस्टर्नी → ट्रांस गॉल्जी नेटवर्क → सिस-सिस्टर्नी → मेडियल-सिस्टर्नी → गॉल्जी-व्युत्पन्न पुटिकाएँ

(2) सिस-सिस्टर्नी → ट्रांस-सिस्टर्नी → मीडियल-सिस्टर्नी → ट्रांस गॉल्जी नेटवर्क → गॉल्जी-व्युत्पन्न पुटिकाएँ

(3) सिस-सिस्टर्नी → मध्य-सिस्टर्नी → ट्रांस-सिस्टर्नी → ट्रांस गॉल्जी नेटवर्क → गॉल्जी-व्युत्पन्न पुटिकाएँ

(4) ट्रांस-सिस्टर्नी → सिस-सिस्टर्नी → ट्रांस गॉल्जी नेटवर्क → मेडियल-सिस्टर्नी → गॉल्जी-व्युत्पन्न पुटिकाएँ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**46.** ग्लाइकोसाइलेशन की प्रक्रिया शुरू होती है

(1) गोल्जी कॉम्प्लेक्स में और समाप्त होती है अन्त: प्रद्रव्यी जालिका में

(2) अन्त:प्रद्रव्यी जालिका में और समाप्त होती है गोल्जी कॉम्प्लेक्स में

(3) अन्त:प्रद्रव्यी जालिका में और समाप्त होती है माइटोकॉन्ड्रिया में

(4) गोल्जी कॉम्प्लेक्स में और समाप्त होती है माइटोकॉन्ड्रिया में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**44.** Which type of proteins typically undergo co-translational translocation ?

(1) Cytosolic proteins

(2) Nuclear proteins

(3) Secretory and membrane proteins

(4) Mitochondrial matrix proteins.

(5) Question not attempted

**45.** The correct sequence of protein transportation in Golgi complex is :

(1) Trans-cisternae → Trans Golgi Network → Cis-cisternae → Medial-cisternae → Golgi-derived vesicles.

(2) Cis-cisternae → Trans-cisternae → Medial-cisternae → Trans Golgi Network → Golgi-derived vesicles.

(3) Cis-cisternae → Medial-cisternae → Trans-cisternae → Trans Golgi Network → Golgi-derived vesicles.

(4) Trans-cisternae → Cis-cisternae → Trans Golgi Network → Medial-cisternae → Golgi-derived vesicles.

(5) Question not attempted

**46.** The process of glycosylation begins in the :

(1) Golgi complex and is completed in the endoplasmic reticulum.

(2) Endoplasmic reticulum and is completed in the golgi complex.

(3) Endoplasmic reticulum and is completed in mitochondria.

(4) Golgi complex and is completed in the mitochondria.

(5) Question not attempted

**47.** कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

| *कॉलम-I (ई.कोली में एन्ज़ाइम)* | *कॉलम-II (सक्रियता/विशेषता)* |
|---|---|
| A. न्यूक्लिएस | i. प्रमुख प्रतिकृति एंजाइम |
| B. डी.एन.ए. पॉलिमरेज-I | ii. 5′ → 3′ एक्सोन्यूक्लिएस |
| C. हेलीकेस | iii. न्यूक्लियोटाइड्स के बीच फॉस्फोडाइएस्टर लिंकेज को हाइड्रोलाइज करता है। |
| D. डी.एन.ए. पॉलिमरेज III | iv. डी.एन.ए. के खुलने से उत्पन्न मरोड़ी विकृति से राहत देता है। |
| E. गाइरेज | v. रज्जुक पृथक्करण |

कूट :

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | v | ii | iii |
| (2) | iii | ii | v | i | iv |
| (3) | i | iii | i | v | iv |
| (4) | ii | iv | iii | i | v |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**48.** पॉलीटीन गुणसूत्रों के निर्माण की प्राथमिक क्रियाविधि क्या है ?

(1) समसूत्री पुनर्योजन
(2) पुनरावर्ती अनुक्रम विस्तार
(3) अंत:पुन: द्विगुणन
(4) ट्रान्सपोजोन क्रिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**49.** निम्नलिखित में से कौन सा गुणसूत्र बैंडिंग पैटर्न जिम्सा अभिरंजन का उपयोग नहीं करता है ?

(1) G–बैंडिंग (2) Q–बैंडिंग
(3) R–बैंडिंग (4) C–बैंडिंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**47.** Match column I, with column II and select the correct answer using the codes given below :

| *Column – I* (*Enzymes in E.coli*) | *Column – II* (*Activity/Characteristics*) |
|---|---|
| A. Nucleases | i. The principal replication enzyme |
| B. DNA polymerase I | ii. 5' → 3' Exonuclease |
| C. Helicases | iii. Hydrolyze the phosphodiester linkage between nucleotides |
| D. DNA polymerase III | iv. Relieves torsional strain generated by DNA unwinding |
| E. Gyrase | v. Strand separation |

Codes :

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | v | ii | iii |
| (2) | iii | ii | v | i | iv |
| (3) | i | iii | i | v | iv |
| (4) | ii | iv | iii | i | v |

(5) Question not attempted

**48.** What is the primary mechanism that leads to the formation of polytene chromosomes ?

(1) Mitotic recombination
(2) Repetitive sequence expansion
(3) Endoreduplication
(4) Transposon activity
(5) Question not attempted

**49.** Which of the following chromosomal banding pattern does not make use of Giemsa stain ?

(1) G-banding
(2) Q-banding
(3) R-banding
(4) C-banding
(5) Question not attempted

50. निम्नलिखित में से कौन सा डी.एन.ए. का एक सामान्य स्वरूप है, जो सामान्यत: शारीरिक परिस्थिति में उपस्थित होता है और जो समतलीय क्षार युग्मों और एक विस्तीर्ण लघु खाँच द्वारा अभिलक्षित होता है ?

(1) A-डी.एन.ए. (2) B-डी.एन.ए.
(3) C-डी.एन.ए. (4) Z-डी.एन.ए.
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. सही कथन चुनें :

(1) वाटसन और क्रिक ने 1953 में A-DNA की संरचना का वर्णन किया।
(2) Z-DNA एक दक्षिणावर्ती हेलिक्स है जिसमें प्रति चक्र 12 न्यूक्लियोटाइड होते हैं।
(3) A-DNA का उत्पादन B-DNA को मध्यम रूप से निर्जलित करके किया जाता है।
(4) G/C समृद्ध डी.एन.ए., A/T समृद्ध डी.एनए. की तुलना में कम तापमान पर विकृत हो जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. B गुणसूत्र के संदर्भ में गलत कथन का चयन करें :

(1) ये किसी दी गई प्रजाति की समष्टि के सभी व्यष्टियों में मौजूद नहीं होते।
(2) इनकी वंशागति गैर-मेंडेलियन होती है।
(3) ये संतति में स्वयं को संचारित करने में असमर्थ होते हैं।
(4) ये कवक, जंतुओं और पौधों में मौजूद होते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. डी.एन.ए. प्रतिकृतिकरण की उच्च विश्वसनीयता के लिए डी.एन.ए. पॉलीमरेज़ की कौन सी क्रिया मुख्य रूप से उत्तरदायी है ?

(1) 5′ से 3′ पोलीमरेज़ क्रियाशीलता
(2) 5′ से 3′ एक्सोन्यूक्लिऐज़ क्रियाशीलता
(3) 3′ से 5′ एक्सोन्यूक्लिऐज़ क्रियाशीलता
(4) हेलीकेज़ क्रियाशीलता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. Which of the following is a common confirmation of DNA, typically existing under physiological conditions and is characterized by planar base pairs and a wider minor groove ?

(1) A-DNA
(2) B-DNA
(3) C-DNA
(4) Z-DNA
(5) Question not attempted

51. Choose the CORRECT statement :

(1) Watson and Crick described the structure of A-DNA in 1953.
(2) Z-DNA is a right handed helix with 12 nucleotides per turn.
(3) The A-DNA is produced by moderately dehydrating the B-DNA.
(4) G/C rich DNA denatures at lower temperature than A/T rich DNA.
(5) Question not attempted

52. Select the incorrect statement with reference to the B chromosome-

(1) These are not present in all individuals in a population of a given species.
(2) They have non-Mendelian inheritance.
(3) They are unable to transmit themselves to the progeny.
(4) They are present in fungi, animals and plants.
(5) Question not attempted

53. Which activity of DNA polymerase is primarily responsible for the high fidelity of DNA replication ?

(1) 5' to 3' polymerase activity
(2) 5' to 3' exonuclease activity
(3) 3' to 5' exonuclease activity
(4) Helicase activity
(5) Question not attempted

**54.** अन्त: सूत्रांश एक प्रकार का जीनोम है जो

(1) $F^-$ विभेद की सम्पूर्ण जीनोम

(2) $F^+$ विभेद के जीनोम का भाग जो $F^-$ विभेद द्वारा ग्रहण किया जाता है ।

(3) $F^-$ विभेद का पूर्ण जीनोम व $F^+$ विभेद के जीनोम के एक भाग का सम्मिलित रूप

(4) $F^+$ विभेद का सम्पूर्ण जीनोम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**55.** "मातृक प्रभाव" के बारे में कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) किसी व्यष्टि का लक्षणप्ररूप उसकी मातृ जनक के जीनप्ररूप द्वारा निर्धारित होता है ।

(2) मातृक प्रभाव, अंडे के कोशिकाद्रव्य में स्थित जीन उत्पादों द्वारा उत्पन्न होते हैं ।

(3) व्यष्टि का लक्षणप्ररूप केवल उसके जीनप्ररूप द्वारा निर्धारित होता है ।

(4) मातृक प्रभाव जीन, भ्रूण के विकास के प्रारंभिक चरणों को नियंत्रित करते हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**56.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन जीवाणु कोशिका भित्ति के लिये सत्य है ?

(1) सभी जीवाणुओं की कोशिका भित्ति का संगठन समान होता है ।

(2) इनकी कोशिका भित्ति सेलूलोज से निर्मित होती है ।

(3) ग्राम +ve जीवाणु की कोशिका भित्ति में टिकोइक अम्ल होता है ।

(4) जीवाणु भित्ति में काइटिन होता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**54.** Endogenote is type of genome, which is :

(1) Complete genome of $F^-$ strain.

(2) Part of genome of $F^+$ strain received by $F^-$ strain.

(3) Combined genome of complete genome of $F^-$ strain and part of genome of $F^+$ strain.

(4) Complete genome of $F^+$ strain.

(5) Question not attempted

**55.** Which statement is NOT true about "maternal effect"?

(1) The phenotype of an individual is determined by the genotype of its maternal parent.

(2) Maternal effects are produced by gene products packaged in the egg cytoplasm.

(3) The phenotype of the individual is determined solely by its genotype.

(4) Maternal effect genes, control early stages of embryonic development.

(5) Question not attempted

**56.** Which of the following is true about bacterial cell wall ?

(1) All bacteria have identical cell wall composition.

(2) Their cell wall is made up of cellulose.

(3) Gram +bacteria have teichoic acid in their cell wall.

(4) Bacteria have chitin in their cell wall.

(5) Question not attempted

57. रेट्रोट्रान्सफर एक प्रक्रिया है जिसमें

(1) एक ग्राही कोशिका से दाता जीवाणु कोशिका में आनुवंशिक पदार्थ का स्थानान्तरण होता है ।

(2) दाता कोशिका से एक जीवाणु में आनुवंशिक पदार्थ का स्थानान्तरण होता है ।

(3) वायरस से दाता कोशिका में आनुवंशिक पदार्थ का स्थानान्तरण होता है ।

(4) $F^-$ जीवाणु से दूसरे $F^-$ जीवाणु में आनुवंशिक पदार्थ का स्थानान्तरण होता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. नीचे दिये गये कूटों की सहायता से कोशिकाद्रव्यी नर बंध्यता के संदर्भ में गलत कथनों का चयन करें ।

A. कोशिकाद्रव्यी नर बंध्यता के जीन केंद्रक में उपस्थित होते हैं, लेकिन पुनर्स्थापक जीन माइटोकॉन्ड्रिया में उपस्थित होते हैं ।

B. कोशिकाद्रव्यी नर बंध्यता के जीन माइटोकॉन्ड्रिया में उपस्थित होते हैं, लेकिन पुनर्स्थापक जीन केंद्रक में उपस्थित होते हैं ।

C. कोशिकाद्रव्यी नर बंध्यता जीन और पुनर्स्थापक जीन, दोनों माइटोकॉन्ड्रिया में स्थित होते हैं ।

D. CMS का उपयोग संकर बीज उत्पादन में किया जा सकता है ।

कूट :

(1) A, C, D (2) B, C, D

(3) A, C (4) A, B

(5) अनुत्तरित प्रश्न



57. Retrotransfer is a phenomenon in which there is :

(1) Transfer of genetic material from recipient cell to a donor bacterial cell.

(2) Transfer of genetic material to a bacterium from donor cell.

(3) Transfer of genetic material to a donor cell from virus.

(4) Transfer of genetic material from $F^-$ bacteria to another $F^-$ bacteria.

(5) Question not attempted

58. Select the incorrect statement in reference to Cytoplasmic Male Sterility (CMS), using the codes given below.

A. Genes for cytoplasmic male sterility are present in the nucleus, but restorer genes are present in mitochondria.

B. Genes for cytoplasmic male sterility are present in the mitochondria, but restorer genes are present in the nucleus.

C. Both the cytoplasmic male sterility genes and the restorer genes are located in the mitochondria.

D. CMS can be used in hybrid seed production.

Codes :

(1) A, C, D

(2) B, C, D

(3) A, C

(4) A, B

(5) Question not attempted

59. गलत समुच्चय चुनें :

(1) मीठे मटर में फूल का रंग – पूरक जीन परस्पर क्रिया 9:7

(2) *कुकुरबिटा पेपो* में फल का रंग – प्रभावी एपिस्टासिस 13:3

(3) मक्का में दाने का रंग – अप्रभावी एपिस्टासिस 9:3:4

(4) शेफर्ड पर्स में फल की आकृति – डुप्लिकेट जीन परस्पर क्रिया 15:1

(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. जीवाणुओं में जीन मैपिंग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) रूपांतरण और संयुग्मन दोनों ही दूर-दूर स्थित मार्कर जीन के मानचित्रण में उपयोगी होते हैं।

(2) संयुग्मन और पारक्रमण दोनों ही दूर-दूर स्थित मार्कर जीन के मानचित्रण में उपयोगी होते हैं।

(3) रूपांतरण और पारक्रमण दोनों ही दूर-दूर स्थित मार्कर जीन के मानचित्रण में उपयोगी होते हैं।

(4) रूपांतरण और पारक्रमण दोनों ही निकट स्थित मार्कर जीन के मानचित्रण में उपयोगी होते हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न



59. Choose the INCORRECT set :

(1) Flower colour in sweet pea – Complementary gene interaction – 9:7

(2) Fruit colour in *Cucurbita pepo* – Dominant epistasis – 13:3

(3) Kernel colour in maize – Recessive epistasis – 9:3:4

(4) Fruit shape in Shepherd's purse – Duplicate gene interaction 15:1

(5) Question not attempted

60. Which of the following statements is true about gene mapping in bacteria ?

(1) Transformation and Conjugation are both useful in mapping distantly spaced marker genes.

(2) Conjugation and Transduction are both useful in mapping distantly spaced marker genes.

(3) Transformation and Transduction are both useful in mapping distantly spaced marker genes.

(4) Transformation and Transduction are both useful in mapping closely spaced marker genes.

(5) Question not attempted

61. क्लोरोप्लास्ट जीनोम के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) लघु RuBisCO सबयूनिट (rbcS) के जीन सामान्यत: क्लोरोप्लास्ट जीनोम में होते हैं ।

(2) लघु RuBisCO सबयूनिट (rbcS) और बृहत् RuBisCO सबयूनिट (rbcL), दोनों के जीन क्लोरोप्लास्ट जीनोम में पाये जाते हैं ।

(3) बृहत् RuBisCO सबयूनिट (rbcL) और प्रकाशतंत्र प्रोटीन संकुलों के जीन क्लोरोप्लास्ट जीनोम में पाए जाते हैं ।

(4) बृहत् RuBisCO सबयूनिट (rbcL), प्रकाशतंत्र प्रोटीन संकुलों और प्रकाश-संग्रहण संकुल (LHC) प्रोटीन के जीन क्लोरोप्लास्ट जीनोम में होते हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. प्रकृति में, जीवाणु रूपांतरण के दौरान स्थानांतरण होता है

(1) द्वि-रज्जुक डी.एन.ए. का

(2) एकल-रज्जुक डी.एन.ए. का

(3) आर.एन.ए. प्रतिलेख का

(4) सी.डी.एन.ए. (cDNA) का

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. निम्नलिखित में से कौन से जीवाणु में ऊर्ध्वाधर जीन स्थानांतरण के उदाहरण हैं ?

(1) उत्परिवर्तन व द्विविखंडन

(2) संयुग्मन व द्विविखंडन

(3) पारगमन व उत्परिवर्तन

(4) रूपांतरण व पारक्रमण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. Which one of the following statements is true about the chloroplast genome ?

(1) The gene for the small RuBisCO subunit (rbcS) is usually carried in the chloroplast genome.

(2) Genes for both small RuBisCO subunit (rbcS) and large RuBisCo submit (rbcL) are contained in the chloroplast genome.

(3) Genes for large RuBisCO subunit (rbcL), and photosystem protein complexes are contained in the chloroplast genome.

(4) Genes for large RuBisCO subunit (rbcL) photosystem protein complexes and light-harvesting complex (LHC) proteins are carried in the chloroplast genome.

(5) Question not attempted

62. During bacterial transformation, in nature, there is transfer of :

(1) Double-stranded DNA

(2) Single-stranded DNA

(3) RNA transcript

(4) cDNA

(5) Question not attempted

63. Which of the following are examples of vertical gene transfer in bacteria ?

(1) Mutation and binary fission

(2) Conjugation and binary fission

(3) Transduction and mutation

(4) Transformation and transduction

(5) Question not attempted

64. पश्च-अनुलेखन जीन साइलेंसिंग को संपादित किया जा सकता है :

A. RNAi के द्वारा

B. siRNA के द्वारा

C. एंटीसेन्स RNA के द्वारा

सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल A

(2) केवल B

(3) A और B दोनों

(4) सभी A, B और C

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. जब *ई.कोली* के लिए लैक्टोज़ और ग्लूकोज़ दोनों उपस्थित हों, तो क्या होता है ?

(1) लैक I ऑपरेटर से जुड़ता है → प्रतिलेखन नहीं होता है ।

(2) cAMP-CRP अनुपस्थित → प्रतिलेखन कम हो जाता है ।

(3) अधिकतम प्रतिलेखन होता है ।

(4) दमनकर्ता प्रेरक से जुड़ता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. स्प्लिट जीन शब्द का अभिप्राय है

(1) बिना इंट्रॉन वाला जीन

(2) एक्सॉन और इंट्रॉन युक्त जीन

(3) दो गुणसूत्रों में विभाजित जीन

(4) दो संरचनात्मक जीन वाला जीन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. Gene silencing at the post-transcriptional level can be accomplished through the application of :

A. RNAi

B. siRNA

C. Antisense RNA

Choose the correct option :

(1) Only A

(2) Only B

(3) Both A and B

(4) All A, B and C

(5) Question not attempted

65. What happens when both lactose and glucose are present for *E.coli* ?

(1) LacI binds operator → transcription does not occurs

(2) cAMP–CRP absent → transcription is lowered

(3) Maximum transcription occurs

(4) Repressor binds to the inducer

(5) Question not attempted

66. The term split gene refers to :

(1) A gene without introns.

(2) A gene containing exons and introns.

(3) A gene split across two chromosomes.

(4) A gene having two structural genes.

(5) Question not attempted

67. नॉर्दर्न ब्लॉट उपयोगी हैं :
(1) डी.एन.ए. अनुक्रम के अध्ययन में
(2) प्रोटीन-प्रोटीन अंत:क्रिया के अध्ययन में
(3) आर.एन.ए. के अध्ययन में
(4) गुणसूत्र मानचित्र के अध्ययन में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. निम्नलिखित में से कौन सा एक अंत:प्रजनन का प्रभाव नहीं है ?
(1) घातक और उपघातक युग्मविकल्पों का प्रकट होना
(2) ओज़ में कमी
(3) समष्टि का अलग-अलग वंशक्रम में पृथकन
(4) उत्पादन में वृद्धि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| *कॉलम-I (उत्परिवर्तजन)* | *कॉलम-II (क्रिया)* |
|---|---|
| A. नाइट्रोसो यौगिक | i. कुयुग्मन का कारण → बिंदु उत्परिवर्तन |
| B. प्रोफ्लेविन | ii. क्षारक प्रतिस्थापन करता है। |
| C. सोडियम एज़ाइड | iii. क्षारक प्रतिस्थापन (बिंदु उत्परिवर्तन) को प्रेरित करता है। |
| D. 5-क्लोरोयूरेसिल | iv. डी.एन.ए. में अंत:स्थापित होता है → फ्रेमशिफ्ट उत्परिवर्तन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | i | ii | iv | iii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. Northern blots are useful in the studies of :-
(1) DNA sequence
(2) Protein-protein interaction
(3) RNA
(4) Chromosome map
(5) Question not attempted

68. Which of the following is not an effect of inbreeding ?
(1) Appearance of lethal and sublethal alleles
(2) Reduction in vigour
(3) Separation of the population into distinct lines
(4) Enhancement in yield
(5) Question not attempted

69. Match Column I with the Column II and select the correct option using the codes given below :

| *Column – I (Mutagen)* | *Column – II (Action)* |
|---|---|
| A. Nitroso compounds | i. Cause mispairing → point mutations |
| B. Proflavin | ii. Cause base substitutions |
| C. Sodium azide | iii. Induces base substitutions (point mutations) |
| D. 5-Chlorouracil | iv. Intercalates into DNA → frameshift mutation |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | i | ii | iv | iii |

(5) Question not attempted

70. दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही विकल्प का चयन कीजिए :

अभिकथन (A) : फसलों के उद्गम केंद्र पादप प्रजनन के लिए जीन पूल का काम करते हैं।

कारण (R) : ये केंद्र फसलों के वन्य संबंधियों भू-प्रजातियों और आदिम किस्मों के आवास होते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) और (R) दोनों गलत है।
(4) (A) गलत है और (R) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. नीचे दिये गये कूटों की सहायता से विविधताएँ उत्पन्न नहीं करने वाली प्रजनन तकनीकों का चयन करो :

A. संकरण
B. असंगजनन
C. वंशावली विधि
D. पुंज विधि
E. एकल बीजीय संतति

कूट :

(1) C, D व E
(2) A, C, D व E
(3) B, D व E
(4) B, C, D व E
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. किस प्रकार का आण्विक मार्कर 2-6 क्षार युग्मों की लघु अनुदैर्ध्य पुनरावृत्तियों की संख्या में भिन्नता पर आधारित है, जो सम्पूर्ण जीनोम में पाया जाता है एवं अधिकांश आधुनिक डी.एन.ए. फिंगरप्रिंटिंग एवं पितृत्व परीक्षणों का आधार है ?

(1) आर.एफ.एल.पी. (प्रतिबंध खंड लम्बाई बहुरूपता)
(2) एस.एन.पी. (एकल न्यूक्लिओटाइड बहुरूपता)
(3) वी.एन.टी.आर. (परिवर्तनीय संख्या अनुदैर्ध्य पुनरावृत्ति)
(4) एस.एस.आर. (सरल अनुक्रम पुनरावृत्ति)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. Consider the given Assertion (A) and the Reason (R) and select the correct option using the codes given below :

*Assertion (A) :* Centres of origin of crops serve as gene pools for plant breeding.

